राधा बोली सुनो श्याम मैं , बंशी बजाऊँ आज

राधा बोली सुनो श्याम मैं , बंशी बजाऊँ आज
बंशी की धुन पे कान्हाँ , तुम्हे मैं नचाऊँ आज,

साँवरिया तुम बंशी रोज बजाते हो
बजाके बंशी मुझको रोज नचाते हो
इस रिवाज को चलो श्याम मैं ,
नया बनाऊँ आज...हाँ कान्हाँ नया बनाऊँ आज

चलो श्याम हम नई रास में रंग जायें
सारी दुनियाँ देख अचम्भित रह जाये
मन करता है अलबेला ,
इतिहास रचाऊँ आज...मैं इतिहास रचाऊँ आज

इतना कह कर राधा बंशी बजा उठी
कहे " रवि " वो साँवरिया को नचा उठी
बंशी बोली राधा तुमपे ,
वारी जाऊँ आज...हे राधे वारी जाऊँ आज

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/3312/title/radha-boli-suno-shyam-main-bansi-bajau-aaj-bansi-ki-dhun-pe-kanha-tumhe-main-nachau-aaj

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |